हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 11 फरवरी 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा


तापमान

अधिकतम 22.2 डिग्री

न्यूनतम 10.2 डिग्री


4

छपोरा जल स्रोत पत्थर खदान में फ्लाईऐश औद्योगिक कचरा डंप, सेहत से खिलवाड़




## खबर संक्षेप

### तीनों मार्गों से निकलेगी भव्य शिव बारात

**पत्थलगांव।** महाशिवरात्रि पर 15 फरवरी को शहर के तीनों मार्गों में भव्य शिव बारात निकलेगी। रायगढ़ रोड के श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर से बारात निकाली जाएगी जिसमें सभी शहर वासी के साथ आसपास के गांव के लोग सम्मिलित होंगे। श्री महाशिवरात्रि महोत्सव समिति के द्वारा अनेक कलाकारों के द्वारा झांकी के साथ नृत्य, वर माला एवं अन्य कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया जाएगा। भंडारे का भी आयोजन किया गया है। जो शहर के प्रमुख मन्दिर श्री सत्यनारायण मंदिर में संपन्न होगा।

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम महनई निवासी स्व. मुटकी बाई का सांप के काटने से 23 अक्टूबर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पिता गुंजन राम एवं माता लूंदी बाई हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### बीईओ सहित चार को नोटिस जारी

**प्रतापपुर।** विकासखंड प्रतापपुर के वासुदेवपुर दवनकरा स्थित शासकीय स्कूल में आदिवासी बच्चों से झाड़ू लगवाने और साफ-सफाई कराने का मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पोल खुल गई। बच्चों से स्कूल परिसर में झाड़ू लगवाने को लेकर कलेक्टर एस जयवर्धन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल संज्ञान में ली और जिला स्तरीय जांच टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए। जिला स्तरीय जांच में यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि बच्चों से स्कूल परिसर और शौचालय की साफ-सफाई करवाई जा रही थी और यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा था। जांच में मामला सही पाए जाने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने कड़ा रुख अपनाते हुए बीईओ मुन्नूलाल धुर्वे, संकुल सीएससी तथा स्कूल में पदस्थ दो शिक्षकों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है।जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर शिक्षा विभाग एवं कलेक्टर के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत कर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर एस जयवर्धन ने साफ कहा है कि शिक्षा विभाग से लगातार शिकायतें मिल रही हैं और इस प्रकरण में दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

### अधिकारियों से मारपीट गाली गलौज, 15 गिरफ्तार

**बलरामपुर/ रामानुजगंज।** छात्रावास निर्माण के लिए अतिक्रमण हटाए गई टीम व अधिकारी कर्मचारियों से गाली गलौज, मारपीट और उन्हें बधंक बनाने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। तहसीलदार की शिकायत के बाद पुलिस ने रामचंद्रपुर क्षेत्र से कुल 15 आरोपियों को एक साथ गिरफ्तार किया है, इनमें से ज्यादातर आरोपी एक ही परिवार के है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि रामचंद्रपुर में बालक छात्रावास भवन का निर्माण कराया जाना है। उक्त भवन निर्माण के लिए आबंटित भूमि पर लोगों द्वारा कब्जा किया गया है। ऐसे में एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार अश्वनी चंद्रा के नेतृत्व में नायब तहसीलदार, पटवारी और राजस्व विभाग की टीम पुलिसकर्मियों के साथ अतिक्रमण हटाने के लिए गई हुई थी। अतिक्रमण हटाने के दौरान कब्जाधारियों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए तहसीलदार व अन्य राजस्व अधिकारी कर्मचारियों के साथ गाली गलौज और धक्का मुक्की की। इसके साथ ही आरोपियों ने लाठी डंडे से भी मारपीट की। मारपीट और विरोध के कारण शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनाः 48 जोड़े वैदिक रीति रिवाज के साथ परिणय सूत्र में बंधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जशपुर जिले के वरिष्ठ कम्युनिटी हॉल, जशपुर में सामूहिक कन्या विवाह समारोह का आयोजन किया गया।

जिला स्तरीय इस कार्यक्रम में जिले के 48 जोड़े वैदिक रीति-रिवाजों एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ परिणय सूत्र में बंधकर दाम्पत्य जीवन की शुरुआत की। विवाह उपरांत सभी नवदंपत्तियों को विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा शासन की मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत कन्या के नाम से 35-35 हजार रुपये का चेक एवं उपहार सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़ों के परिजनों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़कर नवदंपतियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं प्रदान कीं। उन्होंने नवदंपतियों के सुखद, समृद्ध एवं सफल वैवाहिक जीवन की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि "कन्यादान महादान होता है। विवाह मानव जीवन के सोलह संस्कारों में से एक महत्वपूर्ण संस्कार है। आज यहाँ एक-दो नहीं, बल्कि 48 जोड़े वैवाहिक जीवन में प्रवेश कर रहे हैं, जो समाज में सामूहिक सौहार्द और समरसता का संदेश देता है।"उन्होंने कहा कि बेटियां अपने संस्कारों से दोनों कुलों को संवारती हैं और परिवार में सुख-समृद्धि लाती हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत जिले में कुल 48 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ, जिनमें एक दिव्यांग जोड़ा भी शामिल है।

योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े को शासन की ओर से 35 हजार रुपये की सहायता राशि, उपहार सामग्री एवं विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतीकात्मक रूप से दो जोड़ों को चेक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर आशीर्वाद दिया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्न निर्माण कर्मकार मंडल अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभुनाथ चक्रवती, नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम भगत, एसडीएम प्रियारानी गुप्ता, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।





सीएम विष्णुदेव साय ने राजधानी से वर्चुअली नवदंपतियों को दिया आशीर्वाद

### तुरीटोंगरी में मिली अधजली लाश की गुत्थी सुलझी

# अंधे कत्ल का खुलासाः पत्नी समेत 3 नाबालिग पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सिटी कोतवाली क्षेत्र के पुरना नगर स्थित तुरीटोंगरी में अक्टूबर 2025 में मिली अधजली लाश की गुत्थी आखिरकार पुलिस ने सुलझा ली है। मामले में मृतक की पत्नी सुमित्रा भगत को गिरफतार किया गया है, जबकि घटना में साथ देने वाले दो नाबालिग बालिका और एक नाबालिग बालक को विधि अनुसार बाल संप्रेषण गृह भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

- मृतक निकला महावीर राम भगत, पत्नी ने कबूला जुर्म
- शव को जलाकर पहचान मिटाने की थी साजिश

पुलिस जांच में अधजला शव महावीर राम भगत उम्र 49 वर्ष, निवासी गड़ियोटोंगरी, मनोरा का निकला। पहचान डीएनए जांच से पुख्ता हुई। इसके बाद शक की सुई पत्नी पर गई और हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो पूरा राज खुल गया।



### रिश्तों में कड़वाहट बनी वजह

जांच में पता चला कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद और मारपीट होती थी। महावीर आदतन शराब पीने का आदि था,जिसके कारण पत्नी सुमित्रा जशपुर में बच्चों के साथ अलग रह रही थी। घटना वाले दिन महावीर उसके घर आया था।

### नाबालिगों की मदद से जंगल ले जाकर जलाया शव

रात में पड़ोस के एक नाबालिग लड़के की मदद ली गई। लकड़ी की बल्ली से शव बांधा गया, तुरीटोंगरी ले जाकर पेट्रोल डालकर आग लगा दी, ताकि पहचान मिटाया जा सके।

### गैंती छीनकर किया हमला, फिर गला दबाया

पूछताछ में सुमित्रा भगत ने बताया कि पति पहले भी उसे जान से मारने की धमकी दे चुका था। उस दिन उसके हाथ में गैंती देखकर वह घबरा गई। विवाद बढ़ा तो उसने गैंती छीनकर महावीर के सिर और चेहरे पर वार कर दिया। गिरने के बाद उसकी छाती पर चढ़कर गला दबा दिया,उसमें बेटियों ने भी सहयोग किया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना को घर में मौजूद बेटियों ने देखा। बाद में सभी ने मिलकर शव को चादर से ढंक दिया।

### ये सामान हुआ बरामद

पुलिस ने आरोपिया की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त छोटी गैंती, पेट्रोल की सफेद जरकीन और टॉर्च जब्त कर ली है।

### वरिष्ठ अधिकारियों की मॉनिटरिंग में हुआ खुलासा

मामला संवेदनशील होने के कारण पुलिस कप्तान के निर्देशन में विशेष टीम गठित कर लगातार मॉनिटरिंग की गई। साइबर सेल और स्थानीय पुलिस के संयुक्त प्रयास से अंधे कत्ल की यह गुत्थी सुलझ पाई।

### भेजा जा रहा जेल

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उम्मेद सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा जा रहा है, जबकि नाबालिगों को विधि अनुसार बाल संप्रेषण गृह भेजा जाएगा।

### ऐसे सामने आई सच्चाई

18 अक्टूबर 2025 को पुलिस को सूचना मिली थी कि तुरीटोंगरी के जंगल में गड्ढे के भीतर एक युवक का जला हुआ शव पड़ा है। चेहरा और शरीर का बड़ा हिस्सा जल चुका था, जिससे पहचान मुश्किल थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई तो पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।फोटो आसपास के थानों में भेजे गए, गुमशुदगी की जानकारी जुटाई गई, मुखबिर तंत्र और तकनीकी टीम को लगाया गया। दिसंबर में मृतक के भाई ने आकर बताया कि महावीर दिवाली से लापता है और पत्नी की गतिविधियां संदिग्ध हैं।

# सरगुजा ओलंपिक कल से रणजीता स्टेडियम में 12 खेल विधाओं में दिखेगा युवाओं का कौशल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सरगुजा संभाग के आदिवासी बहुल अंचल की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से सरगुजा ओलंपिक 2026 का आयोजन किया जा रहा है।

प्रतियोगिता के अगले चरण में जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 12 एवं 13 फरवरी को प्रातः 8.30 बजे से रणजीता स्टेडियम, जशपुर में आयोजित की जाएगी। यह आयोजन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं आदिवासी युवाओं की खेल क्षमता को निखारकर उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है।

खेल विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता में विकासखण्ड स्तर पर विजेता रहे प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। 12 फरवरी को जूनियर वर्ग (14 से 17 वर्ष, बालक एवं बालिका) तथा 13 फरवरी को सीनियर वर्ग (18 वर्ष से अधिक, महिला एवं पुरुष) की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

### होगा रोमांचक मुकाबला

जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक 2026 में कुल 12 खेल विधाओं में प्रतियोगिताएं संपन्न होंगी। इनमें व्यक्तिगत एवं दलीय दोनों प्रकार के खेल शामिल हैं। व्यक्तिगत खेलों में एथलेटिक्स के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो एवं 4×100 मीटर रिले रेस, तीरंदाजी, बैडमिंटन, कुश्ती एवं कराते शामिल हैं। वहीं दलीय खेलों में फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल एवं रस्साकसी के मुकाबले खेले जाएंगे।

### मिलेगा आगे बढ़ने का अवसर

सरगुजा ओलंपिक का आयोजन सरगुजा संभाग के सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं जशपुर जिलों के खिलाड़ियों को एक साझा मंच प्रदान करता है। जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयनित होंगे। जिला प्रशासन एवं खेल विभाग द्वारा प्रतियोगिता के सुचारू आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण की जा रही हैं। यह आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देगा, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी मजबूत करेगा।

# 225 मरीजों का परीक्षण, 174 को दिए गए चश्मे

**जशपुरनगर।** बाबा भगवान राम ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष पूज्यपाद गुरूपद संभव रामजी के निर्देशन में चलाए जा रहे अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के अंतर्गत आरंभ किये गये चक्षु अभियान के तहत विकास खंड दुलदुला के ग्राम ढारेन में एक दिवसीय नेत्र चिकित्सा सह अन्य रोगों की चिकित्सा हेतु निःशुल्क चिकित्सा

⏭ शेष पेज 4 पर



### शिविर में अन्य रोग की चिकित्सा

अन्य रोगो के चिकित्सा हेतु गुमला से आये हुए डॉ रुद्र कश्यप, जनरल फ़िजीशियन ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में अन्य रोगो के 225 मरीजो को जांचोपरांत आवश्यक दवाइयां प्रदान की गई। इस शिविर में काफी संख्या में वृद्ध, लाचार एवं आशाक्त जन उपस्थित थे। उक्त शिविर में ऐसे मरीज भी आए जिनको परिवार वाले गेडुआ भार में बैठा कर चिकित्सा हेतु लाए थे। शिविर में रक्त शर्करा आदि की परीक्षण की भी व्यवस्था थी।

# एनएसएस विशेष शिविर के चौथे दिवस श्रमदान

**जशपुरनगर।** शासकीय राम भजन राय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 7 फरवरी से 13 फरवरी तक ग्राम भुड़केला में किया जा रहा है।

- बौद्धिक परिचर्चा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

शिविर के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा सामाजिक चेतना एवं जनकल्याण से जुड़ी विविध गतिविधियाँ निरंतर उत्साहपूर्वक संचालित की जा रही हैं। शिविर के चौथे दिवस स्वयंसेवकों द्वारा श्रम कार्य एवं श्रम परियोजना कार्य के अंतर्गत ग्राम के चर्चपारा स्थित हैंडपंप के पास साफ-सफाई, सोखता गड्ढा निर्माण, पुलिया के आसपास स्वच्छता अभियान तथा नशा मुक्ति संबंधी नारालेखन का कार्य किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता एवं नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। दोपहर में आयोजित बौद्धिक परिचर्चा में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुड़केला श्रीमती ललिता सिंह ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए मानसिक स्वास्थ्य एवं नशामुक्त जीवन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से


⏭ शेष पेज 4 पर





### धूमधाम से निकली श्रीकृष्ण की बारात

# श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन जशपुर में उमड़े भक्तिरस के प्रेमी





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शहर के श्रीहरि कीर्तन भवन में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन सोमवार को भक्ति, उल्लास और आनंद का भव्य दृश्य देखने को मिला। छठवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की विवाह का भावपूर्ण वर्णन एवं सजीव मंचन किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

छठवें दिन की कथा के जजमान कमल कांत वर्मा (पप्पू) एवं उनकी धर्मपत्नी अंशु वर्मा, जशपुर रहे। विधिवत पूजन-अर्चना के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। वृंदावन से पधारे कथावाचक करुणा शंकर महाराज ने श्रीमद भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण एवं देवी रुक्मिणी के पावन विवाह प्रसंग का अत्यंत सुंदर एवं रसपूर्ण वर्णन किया। जैसे ही श्रीकृष्ण की बारात का प्रसंग आया, पूरा पंडाल भक्ति एवं उत्साह से सराबोर हो गया।कथा के दौरान भव्य झांकियों के माध्यम से श्रीकृष्ण की बारात का आगमन, विवाह मंडप की सजावट, मंत्रोच्चार एवं विवाह संपन्न होने तक के सभी दृश्य सजीव रूप में प्रस्तुत किए गए।

- भव्य झांकियों के साथ सजी कृष्ण–रुक्मिणी विवाह, भजन–कीर्तन व गरबा– डांडिया नृत्य में झूमे श्रद्धालु

बच्चों एवं कलाकारों द्वारा प्रस्तुत झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

सुंदर वेशभूषा, आकर्षक साज-सज्जा एवं भावपूर्ण अभिनय झांकी की विशेष पहचान रही।श्रीकृष्ण की बारात एवं विवाह उत्सव के दौरान भजन-कीर्तन के साथ गरबा एवं डांडिया नृत्य का आयोजन भी किया गया। महिलाएं, युवतियां एवं श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में गरबा–डांडिया करते नजर आए। "आज मेरे श्याम की शादी है", "बाजे ढोल नगाड़ा" जैसे भजनों पर पूरा पंडाल उत्सव में बदल गया और "जय श्रीकृष्ण" व "राधे-राधे" के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

### भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम

पूरी कथा में झांकियों, भजनों, गरबा–डांडिया एवं विवाह लीला के माध्यम से भक्ति और सांस्कृतिक उत्सव का सुंदर समन्वय देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को अत्यंत भावपूर्ण और स्मरणीय बताया।कथा के समापन के पश्चात आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया, जिसे आयोजन समिति के सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने सेवा भाव के साथ संपन्न कराया। उल्लेखनीय है कि श्रीहरि कीर्तन भवन में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा प्रतिदिन सायं 6 बजे से 9 बजे तक जारी है। आयोजन समिति ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

# कृषि विज्ञान केंद्र जशपुर मे मालियों को मिला बागवानी का प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** कृषि विज्ञान केंद्र जशपुर में 9 फरवरी को माली प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में दुलदुला क्षेत्र से 15 माली भाग लेने पहुँचे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य बागवानी से जुड़े लोगों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी देकर उनकी कार्यक्षमता बढ़ाना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पौधारोपण, नर्सरी प्रबंधन, फल-फूलों की देखभाल, जैविक खाद निर्माण और उद्यान रखरखाव की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रशिक्षण से माली वर्ग को नवीन कृषि तकनीकों से जोड़ा जा रहा है, जिससे वे कम लागत में बेहतर उत्पादन और आय प्राप्त कर सकें। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में प्रशिक्षित माली की मांग लगातार बढ़ रही है।दुलदुला से आए प्रशिक्षणार्थियों ने बताया कि इस प्रकार का प्रशिक्षण उनके लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहा है। नई जानकारी मिलने से उन्हें अपने काम में सुधार करने और भविष्य में स्वरोजगार के अवसर तलाशने में मदद मिलेगी।




### प्रशिक्षण से जिले में मिलेगा हरित विकास को बढ़ावा

कृषि विज्ञान केंद्र जशपुर द्वारा आगे भी इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने की योजना है। इससे जिले में हरित विकास को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अनिता लकड़ा, छात्रपाल सिंह पुहुप, डॉ नागेंद्र कुमार एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल



**बिश्रामपुर।** बाइक में पेट्रोल भरवाकर एनएच 43 पर पहुंचे बाइक सवार युवक ट्रक के पिछले चक्का की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया है,जानकारी के अनुसार ग्राम नयनपुर खुटरापारा निवासी करीब 25 वर्षीय गोविंद राजवाड़े सोमवार की दोपहर में अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएल 1711 में ग्राम तेलईकछार शशिपुर स्थित एक पेट्रोल पंप से पेट्रोल वाहन में भरवाकर जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचा,तभी ट्रक क्रमांक 15 ए 9646 की चपेट में आ गया,दुर्घटना में युवक के पैर में गंभीर चोट आई है,जिसे जयनगर पुलिस मौके पर पहुंच स्थानीय लोगों की मदद से उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है।

### शतरंज प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के 36 खिलाड़ी हुए शामिल




**अम्बिकापुर।** शतरंज संघ द्वारा रविवार को शतरंज भवन में विभिन्न आयु वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में कुल 38 खिलाड़ियों ने भागीदारी की। इस दौरान खिलाड़ियों के बीच काफी रोमांच देखने को मिला तथा नन्हें खिलाड़ियों ने वरिष्ठ खिलाड़ियों को मात देकर अपनी प्रतिभा साबित की। प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में गौरव साहू-विजेता, हिमानिश तिर्की – उप विजेता, यश कुमार गुप्ता-तृतीय, 15 वर्ष आयु वर्ग में सानिध्य गुप्ता-विजेता, प्रदीप्ता पाण्डेय-उप विजेता, देव अग्रवाल – तृतीय। 13 वर्ष आयु वर्ग – अंशुमन सहाय विजेता, निशांत कुमार सिंह उपविजेता, सुजल कुमार गुप्ता तृतीय तथा 11 वर्ष आयु वर्ग में आर्यन राज डांगरे विजेता, आरव पाण्डेय उप विजेता, नायशधा केशरवानी – तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में ओनिका राही विजेता, अनिता विश्वकर्मा उपविजेता, राखी तृतीय स्थान पर रही। विजेताओं को शतरंज संघ द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका प्रदीप कुमार मण्डल और शेष रतन जायसवाल ने निभाई। सानिध्य गुप्ता, अंशुमन साय, आरव पाण्डेय, हिमानीश तिर्की, नव्या सिंह, अमन सिंह, पार्थ गुप्ता, अभिषेक राजवाड़े, वरूण सोनी, अक्षत राज डांगरे, आदर्श वर्मा को संघ द्वारा सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव एसके वैष्णव अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राणा, उपाध्यक्ष एसएसपी वर्मा, सचिव एसएम कुरैशी, सत्यजीय मिश्रा, अविनाश पाण्डेय, प्रकाश पाण्डेय, प्रदीप डांगरे आदि उपस्थित थे।

### सूरजपुर नवीन जिला न्यायालय भवन निर्माण होने का मार्ग प्रशस्त

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिले में बहुप्रतीक्षित जिला न्यायालय भवन निर्माण को लेकर आ रही अड़चनें अब दूर हो गई हैं,राज्य विधि विभाग नवा रायपुर द्वारा लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को शेष व्यपर्वतन अंतर की राशि करीब 15 लाख रुपये दिए जाने की स्वीकृति प्रदान कर दी है जिसके बाद अब नवीन न्यायालय भवन निर्माण कार्य को गति मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। सुरजपुर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बलराम शर्मा ने बताया कि सूरजपुर जिला न्यायालय भवन निर्माण हेतु कुल 1.82 हेक्टेयर वन भूमि के व्यपवर्तन के लिए शेष 14 लाख 85 हजार रुपए की स्वीकृति विधि विभाग नवा रायपुर द्वारा प्रदान करने का निर्देश कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को दे दिया गया है। इस संबंध में उच्च न्यायालय बिलासपुर के एडिशनल रजिस्ट्रार प्रशासन संतोष ठाकुर द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूरजपुर को औपचारिक ज्ञापन जारी कर सम्बंधित विभाग से कार्य का पालन कराने को कहा गया है,ज्ञापन में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि उक्त स्वीकृत राशि को कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भवन/सड़क), संभाग सूरजपुर के माध्यम से वनमंडलाधिकारी, वनमंडल सूरजपुर के कैंपा खाते में शीघ्र जमा कराया जाए। राशि जमा होने के पश्चात संबंधित वन भूमि का विधिवत आवंटन कर उसे न्यायालय प्रशासन के पूर्ण आधिपत्य में लिया जाएगा,साथ ही भूमि का कब्जा प्राप्त होने के बाद उच्च न्यायालय रजिस्ट्री को इसकी सूचना देने के निर्देश भी दिए गए हैं,उन्होंने बताया कि अब यह प्रक्रिया पूरी होते ही वर्षों से लंबित सूरजपुर जिला न्यायालय के नए भवन निर्माण का मार्ग पूरी तरह प्रशस्त हो जाएगा।श्री शर्मा ने बताया कि नए जिला न्यायालय भवन के निर्माण से न्यायिक कार्यों में सुविधा बढ़ेगी, अधिवक्ताओं और वादकारियों को बेहतर आधारभूत संरचना मिलेगी तथा न्यायिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

## व्यवसायिक खबर

### स्वरंग किड्स एकेडमी के बच्चों का हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण



**अम्बिकापुर।** आर्य वैद्यशाला कोट्टकल के बैनर तले डॉ.अक्षरा दुबे ने छोटे बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उचित उपचार की सलाह दी। बच्चों में सर्दी-खाँसी के अलावे उनके वजन और लम्बाई में कमी की समस्या पायी गयी। सभी बच्चों का स्वर्ण प्राशन संस्कार किया गया। यह संस्कार 0-16 वर्ष के बच्चों का किया जाता है ताकि उनमें रोग-प्रतिरोधक क्षमता के साथ शारीरिक, मानसिक तथा बौद्धिक क्षमता का विकास हो। इस दौरान बच्चों के साथ उनके अभिभावकों तथा शिक्षिकाओं का भी चिकित्सीय परीक्षण कर के परामर्श दिया गया। बाल झड़ने तथा स्कीन संबंधी समस्या उनमें आम थी। सभी को यथोचित उपचार कराने की सलाह दी गयी।

कक्षाओं की कमी से प्रभावित हो रही पढ़ाई, अन्य भवनों के लिए भेजा गया प्रस्ताव

# कमरों की समस्या के निराकरण के लिए पीजी कॉलेज को मिली 1.2 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर

लम्बे अर्से से कक्षाओं की कमी से जूझ रहे संभाग के सबसे बड़े महाविद्यालय को शासन ने समस्या के निराकरण के लिए 1 करोड़ 2 लाख 67 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की है। कॉलेज प्रबंधन ने इस राशि से पुराने भवन के कुछ जर्जर कक्षाओं की मरम्मत कराने के साथ ही रूसा मद से निर्मित भवन के ऊपर 6 कमरों का निर्माण कराने का निर्णय लिया है।

संभाग मुख्यालय में स्थित राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय लम्बे अर्से से कक्षाओं की कमी से जूझ रहा है। प्रारंभ में कॉलेज का संचालन कुमार पैलेस में प्रारम्भ किया गया था। वर्तमान भवन में वर्ष 1970 से कॉलेज का संचालन किया जा रहा है। भवन 55 साल पुराना होने के कारण अब कक्षाओं की छते जर्जर हो गई है तथा बरसात में लगातार पानी टपकने के कारण कमरे अनुपयोगी हो रहे हैं। इधर लॉ विभाग के विद्यावृत्त भवन को पिछले साल लोनिवि ने खतरनाक एवं अनुपयोगी घोषित कर दिया है। भवन की छत जगह-जगह से गिर रही है। दीवारों में खतरनाक दरारें आ गई हैं साथ ही छत का कुछ हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। कक्षाओं की कमी होने के कारण कॉलेज का संचालन दो सत्रों में किया जा रहा है इसके बावजूद जगह के अभाव में स्नातकोत्तर कक्षाओं का संचालन विभागों में किया जा रहा है। अनुपयोगी घोषित होने के बावजूद कोई दूसरा विकल्प नहीं होने के कारण जर्जर विद्यावृत भवन में भी विधि संकाय की कक्षाएं संचालित की जा रही है। प्राध्यापकों का कहना है कि कॉलेज में संचालित विभिन्न संकायों में 5500 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। सभी विद्यार्थी नियमित उपस्थित हो तो बैठना तो दूर की ता कक्षाओं में उन्हें खड़े होने की भी जगह मिलना संभव नहीं है।

### रूसा भवन में होगा कमरों का निर्माण

कमरों की समस्या के निराकरण के लिए कॉलेज प्रबंधन ने पुराने भवन की जर्जर चार कक्षाओं की छत को उखाड़कर सीमेंट सीट लगाने का निर्णय लिया है। मरम्मत के कम खर्च में 4 कक्षाएं तैयार हो जाएंगी। शेषि राशि से रूसा मद से निर्मित भवन के ऊपर 6 कमरों का निर्माण कराया जाएगा। इन कमरों का उपयोग कक्षाओं एवं लैब के लिए किया



### नए भवन के लिए 18 करोड़ का प्रस्ताव

कॉलेज प्रबंधन ने जर्जर विद्यावृत भवन के स्थान पर वर्तमान जरूरतों को देखते हुए तीन मंजिला भवन बनवाने का विचार किया है। इस भवन के बनने से कक्षाओं, प्रयोगशाला सहित अन्य सभी जरूरतें पूरी हो जाएगी। इसके लिए प्रबंधन ने शासन को 18 करोड़ रूपए का प्रस्ताव भेजा है। कॉलेज प्रबंधन ने पीएम उषा योजनान्तर्गत छात्राओं के कौशल विकास, फिटनेस सहित अन्य गतिविधियों के लिए भी 8 कमरों के एक दो मंजिला भवन निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा है।

### चाहिए 42 कमरे 22 से चल रहा काम

प्राध्यापकों के अनुसार सभी संकाय की कक्षाओं के नियमित संचालन के लिए कॉलेज को 42 कमरों की आवश्यकता है जबकि कॉलेज भवन में मात्र 22 कमरे उपलब्ध हैं। कॉलेज में पढ़ने वाले बड़ी संख्या में विद्यार्थी नियमित उपस्थित नहीं होकर प्रबंधन के लिए मददगार बन गए हैं। कुछ कमरे ऐसे भी हैं जो छत से पानी टपकने के कारण बरसात में अनुपयोगी हो जाते हैं। नई शिक्षा पद्धति में बड़ी संख्या में नए विषयों को शामिल किया गया है। विभिन्न संकाय के विद्यार्थियों को एक-दूसरे के विषय का अध्ययन अनिवार्य किया गया है। सभी विषयों में प्रायोगिक कार्य भी निर्धारित है लेकिन कॉलेज के पास इससे संबंधित प्रयोगशालाएं नहीं है। अन्य विषयों के प्रायोगिक कार्य के दौरान कक्षाओं का संचालन बंद कर दिया जाता है।

### मिली है स्वीकृति

शासन से भवन निर्माण के लिए 1.2 करोड़ की स्वीकृति मिली है। राशि से रूसा बिल्डिंग के ऊपर 6 कमरों का निर्माण एवं पुराने भवन के चार कमरों की मरम्मत कराई जाएगी। एक अन्य भवन के निर्माण हेतु शासन को 18 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है।

**डॉ.अनिल सिन्हा**
प्राचार्य, पीजी कॉलेज

# राशन दुकान से 2 लाख के खाद्यान्न की चोरी

हरिभूमि न्यूज.मैनपाट

बीती रात चोरों ने ग्राम पंचायत नर्मदापुर अंतर्गत सेंट्रल कॉलोनी स्थित राशन दुकान से दो लाख से अधिक का खाद्यान्न एवं शक्कर पार कर दिया। सूचना पर मध्य रात्रि पहुंची पुलिस ने स्थल निरीक्षण करने के साथ ही आसपास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया। सुबह बैंक के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया तो रात में एक पिकअप व ओमनी कार दुकान के सामने खड़ी दिखी है।

रविवार को दोपहर में ट्रक से सेंट्रल कॉलोनी स्थित राशन दुकान में जिला मुख्यालय से राशन पहुंचा था। विभाग द्वारा लम्बे अंतराल के बाद फरवरी माह के चावल व शक्कर के साथ दो महीने का चना हितग्राहियों के लिए भेजा गया था। मध्य रात्रि राशन दुकान के पास एक कार एवं पिकअप खड़ा देख ग्रामीणों ने संदेह के आधार पर राशन दुकान संचालक को फोन भी किया लेकिन संचालक ने किसी का फोन रिसीव नहीं किया। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना ग्रामीणों ने संचालक एवं पुलिस को दी। सूचना पर मध्य रात्रि पहुंची पुलिस ने स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही संचालक से पूछताछ की। संचालक ने बताया कि रविवार को ही फरवरी महीने का 20 बोरी शक्कर, 58 बोरी चावल एवं दो महीने का 52 बोरी चना ट्रक से पहुंचा था जिसे दुकान में भण्डारित किया गया था। चोर राशन दुकान का ताला तक पार कर दिए हैं। सोमवार को पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज को खंगाला तो राशन दुकान के सामने राशन लोड एक ओमनी कार एवं एक पिकअप दिखी है। दोनों वाहनों का नंबर स्पष्ट नहीं दिख रहा है। पुलिस मामले में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को तलाश रही है। पुलिस द्वारा रात्रि गश्त बंद करने से क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। चोर घरों के बाहर लगे बल्ब से लेकर अन्य सामानों की लगातार चोरी करने के साथ ही सूने घर एवं दुकानों को अपना निशाना बना रहे हैं।

- जांच में जुटी पुलिस

### ईब नदी में रेत चोरी पर सख्त कार्रवाई

**जशपुरनगर।** जिले में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार सतत निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। सहायक खनि अधिकारी जशपुर ने बताया कि ईब नदी में रेत चोरी और अवैध खदान के संबंध में प्राप्त शिकायत की जांच 09 फरवरी 2026 को की गई। जांच के दौरान ईब नदी से अवैध रूप से रेत निकालकर भण्डारित की गई कुल 960 घनमीटर रेत को अभय कन्स्ट्रक्शन, जशपुर से जप्त किया गया। इस मामले में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# पुलिस लाइन मैदान में कराए जा रहे निर्माण पर रोक लगाने की मांग

**अंबिकापुर।** पुलिस लाइन मैदान में भवन निर्माण कराए जाने को लेकर खेल प्रेमियों से लेकर जनप्रतिनिधियों ने आईजी से मुलाकत कर ज्ञापन सौंपा है। खेल प्रेमियों और जनप्रतिनिधियों ने खेल मैदान को छोड़कर किसी अन्य स्थान पर भवन निर्माण कराए जाने की मांग की है।

भाजपा पार्षद विकास पाण्डेय ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा पुलिस लाईन मैदान के पश्चिमी हिस्से के बीचो-बीच पुलिस भवन प्रस्तावित है। भवन निर्माण हेतु ले आउट भी कर लिया गया है। इस मैदान में बौरीपारा निवासी खिलाड़ी एवं पुलिस कर्मियों के बच्चे वर्षों से खेल मैदान में खेल अभ्यास एवं व्यायाम करते आ रहे है। मैदान में लगभग 5 वार्ड के खिलाडी भी वहीं सुबह-शाम खेल का अभ्यास करते हैं। अगर यहां मकान का निर्माण कराया जाता है तो मैदान संकुचित हो जाएगा और खेल प्रतियोगिता या मैदान का जो मापदण्ड है वह भी आवासीय मकान बनने से बाधित होगा। खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए दिक्कत होगी। इस लिए उन्होंने खिलाड़ियों के भविष्य को देखते हुए भवन निर्माण का स्थान परिवर्तन करने की मांग की है। इस दौरान संजीव वर्मा, शैलेष सिन्हा, रोहित तिवारी, निशात सिंह दिग्विजय सिंह, रमन भामरा, निरंजन अग्रवाल मौजूद थे।

- भाजपा पार्षद, खेल प्रेमियों ने आईजी के नाम सौंपा ज्ञापन



### वार्डवासियों ने भी सौंपा ज्ञापन

पुलिस लाइन मैदान में कराए जा रहे भवन निर्माण कार्य पर रोक लगाकर अन्यत्र स्थापित किए जाने की मांग को लेकर स्थानीय नागरिकों व खेल प्रेमियों ने भी आईजी से मुलाक़ात कर ज्ञापन सौंपा है। युवा नेता रजनीश सिंह ने बताया कि शहर के मध्य स्थित खेल मैदान पुलिस विभाग की संपत्ति है लेकिन वर्षों से विभाग की उदारता के कारण शहर के बच्चे और युवा खेलकूद व शारीरिक अभ्यास करते आ रहे है। वर्तमान में शहर में कोई अन्य मैदान शेष नहीं बचा है जिससे बच्चे आउटडोर खेलों से दूर होते जा रहे है। खेल को बढ़ावा देने और बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए वार्डवासियों और खेल प्रेमियों ने आईजी से मांग की है कि पुलिस विभाग अपने प्रस्तावित निर्माण कार्य को इस खेल मैदान के बजाय विभाग की ही किसी अन्य रिक्त भूमि या स्थान पर करा ले ताकि यह मैदान बच्चों के खेलने के लिए सुरक्षित बचा रहे। इस दौरान पिंकू पांडेय, अभिषेक तिवारी, अंशु सिंह, सौरभ मिश्रा, दुर्गेश सिंह, आशीष सिंह, सहित अन्य मौजूद थे।

# जिला स्तरीय अधिवेशन में 18 लोगों ने लिया नेत्र व देहदान का संकल्प

**अंबिकापुर।** दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए कार्य करने वाले राष्ट्रीय संगठन सक्षम की सरगुजा इकाई द्वारा 7 फरवरी को साईं बाबा महाविद्यालय में जिला स्तरीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दिव्यांगों के सर्वांगीण विकास, सामाजिक समावेशन स्वास्थ्य जागरूकता तथा सेवा भाव को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत शामिल हुई जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने की। इसके साथ ही विशिष्ट अदिथि के रूप में उमेद सिंह चारन, एमआईसी सदस्य मेन्श सिंह व शशिकांत जायसवाल शामिल हुए। गोष्ठी में सक्षम के प्रांतीय सचिव अनूप पाण्डेय, सह सचिव अंजलि चावड़ा, नेत्र चिकित्सक डॉ. अभिजीत जैन, एमडी पैथोलोजी डॉ. दीपक गुप्ता, एमडी मेडिसिन डॉ. परमानंद अग्रवाल, प्राचार्य साईं बाबा कॉलेज डॉ. राजेश श्रीवास्तव, आर्ट ऑफ लिविंग से संजय अग्रवाल, विवेक सिंह ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में दिव्यांग राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी हरीशचन्द्र पटेल ने अपने जीवन के अनुभवं साझा किए। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगो के प्रति जागरूकता और संवेदना जागरूक करने के लिए विभिन्न विद्यालयों और कॉलेज में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सक्षम के उपाध्यक्ष देवराज सिंह बाबरा ने 1 से 6 फरवरी तक किए गए कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में 18 नागरिकों ने नेत्रदान एवं देहदान का संकल्प भी लिया गया। इनमें बृजभान सिंह, उमेद सिंह चारण, त्रिलोचन सिंह बाबरा, संजय अग्रवाल, राजीव पाठक, देवराज सिंह बाबरा, शत्रुधन विश्वकर्मा, दीपक वासूले, अमन सिंह, रामनिधि यादव, कृपा सिंह, निशा कुजूर, पूजा सिंह, निशा राजवाड़े, विनीता एक्का, सुनीता दास, विवेक सिंह, राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य ने नेत्रदान का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि महापौर मंजूषा भगत ने दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए सक्षम संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समाज में समावेशन एवं संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है।

- कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पीसीसीएफ को जांच के लिए लिखा पत्र




### जिला स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा में प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**बलरामपुर।** रविवार को नगर में जिला स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन स्वामी आत्मानंद विद्यालय एवं कन्या उमावि में किया गया। इस परीक्षा में 19 जनवरी को हुए विकासखंड स्तरीय परीक्षा में चयनित बालक बालिका प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। परीक्षा में 400 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके साथ ही विकासखंड स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र गौ सेवा सम्मान में मेडल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ प्रदेश के बाल कार्य प्रमुख सिद्धि विनायक एवं अध्यक्षता कर रहे गौ सेवा संवर्धन प्रमुख बिगन सिंह, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड संजीत कुमार, तपेश्वर सिंह, माता बाल कुमारी सिंह, नोडल अधिकारी अभिषेक पैंकरा, उधम सिंह, अजय गुप्ता, विनय पाठक, धनंजय तिवारी, भारदूल सिंह, दिनेश यादव, उमाशंकर भगत, विशंभर दास, श्याम सुंदर साहू सहित अन्य मौजूद थे।



### डीएवी स्कूल के फेयरवेल में छात्रों ने चारपहिया वाहन से करी स्टंटबाजी

**बिश्रामपुर।** नगर में संचालित डीएवी विद्यालय में सोमवार को आयोजित कक्षा 12वीं के फेयरवेल कार्यक्रम के दौरान कुछ नाबालिग छात्रों द्वारा चारपहिया वाहनों से स्टंटबाजी करने एवं हूटर बजाकर रैली निकालने का मामला सामने आया है,सूचना मिलने पर बिश्रामपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन वाहनों को जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार फेयरवेल कार्यक्रम में शामिल होने कुछ नाबालिग छात्र विद्यालय प्रबंधन के स्पष्ट निर्देशों को नजरअंदाज व उल्लंघन करते हुए चारपहिया वाहनों से विद्यालय पहुंचे थे,कार्यक्रम के समापन के बाद इन्हीं छात्रों द्वारा विद्यालय से कॉलोनी तक चारपहिया वाहनों की रैली निकाली गई,जिसमें प्रीमियम मॉडल्स व महंगे वाहनों में लगे विशेष हॉर्न व तेज ध्वनि हूटर बजाए गए और गाड़ियों से स्टंटबाजी भी की गई।इस दौरान किसी नागरिक ने बिश्रामपुर पुलिस को सूचना दे दी,मौके पर पहुंची पुलिस को देख कई वाहन चालक छात्र मौके से फरार हो गए।



# मोहरा एनीकट में डूबे दोनों किशोरों के शव बरामद



**बिश्रामपुर।** रामनगर से होकर गुजरने वाली रेड़ नदी स्थित मोहरा एनीकट में नहाने के दौरान डूबे दोनों नाबालिग किशोरों के शव को दूसरे दिन एसडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया है, घटना दिवस रविवार को पूरे दिन जॉइंट टीम द्वारा चलाई गई तलाशी अभियान में सफलता नहीं मिली थी, जिसे सुरक्षा कारणों से अंधेरा होने पर सर्च ऑपरेशन को रोक दिया गया था।

सोमवार की सुबह बिश्रामपुर पुलिस, एसडीआरएफ टीम एवं स्थानीय गोताखोरों के संयुक्त दल द्वारा पुनः सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया,कुछ ही देर में एक-एक कर दोनों किशोरों के शव बरामद कर लिए गए,पुलिस ने पंचनामा एवं पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूर्ण कर शव को परिजनों को सौंपते हुए मर्ग कायम किया है। मृतकों की पहचान शिवनंदनपुर गवटियापारा निवासी सेराज अंसारी के 12 वर्षीय पुत्र आदिल तथा जयनगर कुंजनगर निवासी मो. जावेद के 15 वर्षीय पुत्र अयान सद्दाम के रूप में हुई है,दोनों ही किशोर रविवार की दोपहर अपने पांच-छह दोस्तों के साथ घूमने के उद्देश्य से मोहरा एनीकट पहुंचे थे,जहां आपसी बातचीत के दौरान नहाने के लिए पानी में उतरते ही गहरे पानीमें डूब गए। साथियों ने शोर मचाया,लेकिन तब तक दोनों पानी में लापता हो चुके थे,घबराए बच्चों ने घर पहुंचकर परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। बताया गया कि अयान कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा 9वीं का छात्र था, जबकि आदिल मनेंद्रगढ़ में अपने नाना-नानी के यहां रहकर मदरसे में पढ़ाई कर रहा था और शब-ए-बारात पर्व पर अपने घर आया हुआ था। घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है तथा शिवनन्दनपुर जयनगर गांव में शोक का माहौल है।

मदनपुर में गैस गोदाम निर्माण के लिए चिन्हांकित स्थल से

# अवैध कब्ज़ाधारियों को किया गया बेदखल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम मदनपुर व पण्डोनगर के मध्य प्रस्तावित गैस गोदाम परियोजना हेतु चिन्हित स्थल से तीनों कब्जा धारियों को आज सोमवार को बेदखल कर दिया गया है,कार्यवाही पर स्थानीय लोगों द्वारा अपनी आपत्ति भी दर्ज कराई गई लेकिन उन्हें हटा दिया गया,गौरतलब है कि सिलफिली महाविद्यालय के बगल में भारत पेट्रोलियम की गैस गोदाम बनाने की तैयारी लंबे समय से चल रही है।

राजस्व विभाग द्वारा पूर्व में भूमि के नापजोख की प्रक्रिया जब शुरू की गई,तब भी ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था,इसी मामले को लेकर यहाँ पर सोमवार को लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा, एसडीओपी अभिषेक पैकरा, जयनगर थाना प्रभारी टीआई रूपेश कुंतल एक्का दलबल के साथ प्रस्तावित गैस गोदाम के चिन्हित स्थल पहुंचे थे,इसके बाद यहां पर भारी पुलिस बल की उपस्थिति में 40-50 वर्षों से काबिज प्रदीप मंडल,अन्नू पण्डो, स्व. कल्पना राय पति विष्णु राय के कब्जा को हटवाकर यहां पोल फेसिंग कार्य पूर्ण कराकर प्रशासन ने उक्त भूमि को अपने कब्जे में ले लिया है,ज्ञात हो कि ग्राम मदनपुर व पण्डोनगर के मध्य एनएच 43 किनारे संचालित शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के बाजू में स्थित खसरा नंबर 142, 143, 144, 145, 147 कुल रकबा 1.00 हेक्टेयर भूमि को भारत पेट्रोलियम के गैस गोदाम निर्माण हेतु स्थल चिन्हांकन की प्रक्रिया गत दिनों पूर्ण की गई थी। प्रस्तावित गोदाम स्थल के समीप ही सिलफिली महाविद्यालय के अलावा पार्वती बीएड कॉलेज और कई सरकारी व निजी स्कूल स्थित हैं। प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं यहां अध्ययन के लिए आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यहां सरगुजा संभाग के पांचों जिला हेतु गैस सिलेंडर का भंडारण केंद्र स्थापित हुआ तो किसी भी समय छोटी सी चूक एक भयावह हादसे का कारण बन सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चे पढ़ाई के लिए कॉलेज और स्कूल जाते हैं, वहां उनके सिर पर हमेशा खतरा मंडराता रहेगा,भीड़भाड़ वाले इलाके और शैक्षणिक संस्थानों के बीच ऐसा प्रोजेक्ट पूरी तरह असुरक्षित है।






# द केरल स्टोरी 2- गोज बियॉन्ड का दूसरा गाना रिलीज

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म 'द केरल स्टोरी 2 - गोज बियॉन्ड'का इमोशनल गाना 'ओ माई री'रिलीज हो गया है। इस गाने में श्रेया घोषाल ने अपनी खूबसूरत आवाज दी है, जिसने इसे और भी इमोशनल बना दिया है। पहले पार्ट 'द केरल स्टोरी'ने अपनी बेबाक कहानी से देशभर में बहस छेड़ दी थी। अब इसका सीक्वल उससे भी ज्यादा इंटेंस नजर आ रहा है। हाल ही में इस फिल्म का दूसरा गाना 'ओ माई री'रिलीज किया गया है। ओ माई री'गाना मां और बच्चे के रिश्ते को समर्पित है। यह गाना मां के उस निःस्वार्थ प्यार, सुरक्षा और अपनेपन को महसूस कराता है, जो हर बच्चे के लिए सबसे बड़ा कवच होता है।

लाइफ Style

# तृप्ति

## खुद की जिंदगी से जोड़ी ओ रोमियो की कहानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तृप्ति डिमरी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'ओ रोमियो' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 'वैलेंटाइन डे' से एक दिन पहले 13 फरवरी को रिलीज होने वाली है। फिल्म में तृप्ति डिमरी अफशा का किरदार निभाएंगी। इसमें उनके साथ शाहिद कपूर अहम किरदार में हैं।

हाल ही में अभिनेत्री ने बताया है कि वह ट्रोल होने पर कैसा महसूस करती हैं। उन्होंने कहा 'मैं रोती हूं। इंसान हूं, इसलिए कभी-कभी बहुत रोती भी हूं। लेकिन, अगर कोई मेरी फिल्म या मेरे काम को लेकर आलोचना करे, तो मैं उस पर नहीं रोती। मैं इसे ऐसे लेती हूं कि किसी को मेरा काम पसंद आएगा, किसी को नहीं। सबको खुश करना संभव नहीं है।'

उन्होंने आगे कहा 'हां, अगर कोई पर्सनल कमेंट कर दे, तो वह बात मुझे बुरी लगती है। बिल्कुल अच्छा नहीं लगता। लेकिन फिर भी, मैं उस पर रोती नहीं हूं। मुझे कोई इतनी आसानी से रुला नहीं सकता।' तृप्ति डिमरी ने प्यार पर अपनी बात रखते हुए कहा 'अगर मैं खुद को फिल्म की लव स्टोरी में रखूं, तो जिस बात से मैं सबसे ज्यादा जुड़ पाती हूं, वह है इस कहानी में मौजूद प्यार की सच्चाई। मुझे हमेशा लगता है कि प्यार ऐसा ही होना चाहिए। सीधा, साफ और बिल्कुल पवित्र। यही चीज इस कहानी में भी है। यही बात मेरी अपनी रियल लाइफ से भी सबसे ज्यादा मिलती है। फिल्म 'ओ रोमियो' एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसके लेखक और निर्देशक विशाल भारद्वाज हैं। इसके निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं।



हॉलीवुड मसाला




# सुपर बाउल... पर दिखा बैड का जलवा

**लॉस एंजिल्स।** रविवार रात सांता क्लारा के लेवीज स्टेडियम में सुपर बाउल LX हाफटाइम शो हुआ। शो में ग्रैमी अवॉर्ड विजेता बैड बनी ने पूरा माहौल बदल कर रख दिया। इस शाम हॉलीवुड के कई कलाकार शो का मजा लेने पहुंचे। बैड बनी ने सुपर बाउल में इतिहास रच दिया। वह सुपर बाउल के हाफटाइम शो में पहले स्पैनिश भाषा में गाने वाले लैटिन सोलो आर्टिस्ट बने। सुपर बाउल वीकेंड पर हॉलीवुड का पूरा ग्लैमर देखने को मिला। मशहूर सितारे लियोनार्डो डिकैप्रियो, टोबी मैग्वायर, सुपर मॉडल केंडल जेनर और सिंगर लेडी गागा जैसे कलाकार शामिल हुए।



# शादी से पहले प्रेग्नेंसी को लेकर अफवाह

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के क्यूट कपल जेंडया और टॉम हॉलैंड को लेकर एक नई अफवाह उड़ी है। सोशल मीडिया पर दावे किए जा रहे हैं कि एक्ट्रेस मां बनने वाली हैं। यह चर्चा ऐसे समय में सामने आई है, जब सगाई के बाद दोनों की शादी की चर्चाएं भी जोर-शोर से चल रही हैं। जेंडया और टॉम हॉलैंड को हाल ही स्पॉट किया गया। वायरल तस्वीरों को देखकर ही एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी की अटकलों ने जोर पकड़ा है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब ऐसी अफवाह उड़ी है। इससे पहले जब ऐसा हुआ था, तब जेंडया की मां, क्लेयर स्टॉर्मर ने इन दावों को सख्ती से खारिज कर दिया था और लोगों से बेहतर सोर्स पर भरोसा करने की अपील की थी। बहरहाल, इस बीच कई फैंस और ऑनलाइन कमेंटेटर्स का कहना है कि एक्ट्रेस जिस तरह बड़े साइज के कपड़े पहन रही हैं, यह सर्दियों में कई लेयर्स में पहने जाने वाले कपड़ों से अलग है।



# सनी की कैनेडी ओटीटी पर देगी दस्तक

**मुंबई।** अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म 'कैनेडी' आखिर भारतीय दर्शकों तक पहुंचने वाली है। साल 2023 में इस थ्रिलर फिल्म को कान फिल्म फेस्टिवल में करीब सात मिनट का स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। मगर, भारत में यह फिल्म अब तक रिलीज नहीं हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देगी। रविवार को इसका ट्रेलर रिलीज हुआ है। फिल्म 'कैनेडी' इसी महीने रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म का प्रीमियर 20 फरवरी से जी5 पर होगा। फिल्म 'कैनेडी' में सनी लियोनी के अलावा राहुल भट्ट लीड रोल में हैं। राहुल ने पुलिस अफसर का रोल निभाया है। यह एक थ्रिलर फिल्म है, जिसकी कहानी एक पूर्व पुलिस अफसर के इर्द-गिर्द घूमती है। वह सोता नहीं है और उसे काफी समय से मरा हुआ समझ लिया गया है। पुलिस ऑफिसर को इसकी परवाह नहीं है।



# व्हाट्सएप फैक्ट्रियां बना रहीं कहानी

**मुंबई।** संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बन रही फिल्म 'स्पिरिट' शुरू से चर्चा में है। बीते रविवार ऐसी खबरें सामने आईं कि दीपिका के बाद अब प्रकाश राज भी 'स्पिरिट' से हट गए हैं। फिल्म 'स्पिरिट' से अपने बाहर होने की अफवाहों को बढ़ता देख प्रकाश राज ने सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर इस पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट से आज सोमवार को एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें लोगों से अफवाहें न फैलाने की बात कही है। एक्टर ने लिखा है, 'सभी टॉक्सिक फर्जी खबरें फैलाने वालों को 'स्पिरिट' फिल्म के बारे में बताना चाहता हूं। हमने अभी तक मेरे सीन्स की शूटिंग शुरू भी नहीं की है और व्हाट्सएप फैक्ट्रियां कहानियां बना रही हैं। थोड़ी समझदारी दिखाओ। अपनी जिंदगी जियो'।

टीवी मसाला



# पलक झपकते ही बदल जाती है शैतान की कहानी

**नई दिल्ली।** 2 घंटे 12 मिनट की फिल्म में हॉरर, सस्पेंस की कोई कमी नहीं दिखेगी। जो लोग दिमाग हिलाने वाला सस्पेंस चाहते हैं उनके लिए ये फिल्म बिल्कुल परफेक्ट है। नेटफ्लिक्स पर मौजूद ये फिल्म शैतान है। इस फिल्म में डर ही एक भाषा की तरह है, इसलिए भाषा कोई बाधा नहीं है। सुपरनेचुरल हॉरर फिल्म शैतान गुजराती में रिलीज हुई वश की रीमेक है।फिल्म की कहानी बहुत सिंपल है। कबीर ऋषि (अजय देवगन) अपनी पत्नी ज्योति (ज्योतिका), बेटी जाह्नवी (जानकी बोडिवाला) और बेटे ध्रुव (अंगद राज) के साथ छुट्टियां मनाने अपने फार्महाउस जाता है। कार से यात्रा करते हुए, वे रास्ते में एक ढाबा पर खाना खाने के लिए रुकते हैं। वहां वनराज (माधवन) किसी तरह उनकी मदद करता है और दोस्ती कर लेता है। इसी दौरान वनराज द्वारा दी गई मिठाई खाने के बाद जानवी पूरी तरह वनराज के नियंत्रण में आ जाती है। वनराज पीछा करते हुए फार्महाउस तक पहुंचता है और जानवी को अपने इशारे पर चलाता है। वह उसे अपने पास देने की मांग करता है, जिससे माता-पिता के लिए यह बड़ा संकट बन जाता है। माता-पिता और वनराज के बीच संघर्ष में क्या जानवी बच पाई या खो गई? वनराज की पृष्ठभूमि क्या है? यही फिल्म की आगे की कहानी है। फिल्म की शुरुआत काफी हल्की-फुल्की होती है। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, अनपेक्षित घटनाएं दर्शकों को बांध लेती हैं। खासकर माधवन की एंट्री से ही लगता है कि कुछ बड़ा होने वाला है। एक ही घर, सिर्फ पांच किरदार, 2 घंटे में जो घटनाएं और ट्विस्ट होते हैं, वे चौंका देते हैं।

## पति अपूर्व से अलग रहती हैं दिव्या

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो द 50 इस वक्त जियोहॉटस्टार और कलर्स टीवी पर प्रसारित हो रहा है। 50 दिनों तक 50 लाख के लिए हो रहे इस गेम शो में आए दिन कोई न कोई नई भसड़ देखने को मिलती है। लेटेस्ट एपिसोड में एक्ट्रेस दिव्या अग्रवाल पर को-कंटेस्टेंट भाव्या सिंह ने काफी पर्सनल कमेंट्स किए। दावा किया कि वह 'गोल्ड डिगर' हैं और पति अपूर्व पडगांवकर से अलग रहती हैं। बैल और बुद्धि टास्क के दौरान इनके बीच बहस शुरू हुई थी और पीठ पीछे एक-दूसरे की छीछालेदर की। दिव्या ने युविका चौधरी से कहा कि वह अपने पति को बहुत मिस कर रही हैं। उसने उनकी लाइफ को पूरी तरह से बदल दिया है। 'वो बहुत ही शांत और प्यारा इंसान है। मैंने उसके आगने के बाद अपनी लाइफ में दोस्त बनाने शुरू किए। उसने मुझे दोस्ती का मतलब सिखाया है।' इधर, भाव्या ने दावा किया कि दिव्या और अपूर्व साथ नहीं रहते, 'दिवाली पर असली पटाखे तो इसके घर पर फूटे थे।



# गोदभराई में लैमन ग्रीन लहंगे में खूब दमकीं सोनम

**मुंबई।** अभिनेत्री सोनम कपूर अपनी एक्टिंग ही नहीं, फैशन सेंस के लिए भी मशहूर हैं। मौका कोई भी हो वे अपने स्टाइल से सबको चौंका देती हैं। एक्ट्रेस दूसरी बार मां बनने वाली हैं। रविवार को उनकी गोदभराई की रस्म हुई। होने वाले बच्चे को आशीर्वाद देने तमाम सितारे पहुंचे। सोनम कपूर ने बेबी शावर में लाइम ग्रीन कलर की ड्रेस पहनीं। उन्होंने अपनी गोदभराई की फोटोज अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं। सोनम कपूर की गोदभराई में अभिनेता अनुपम खेर भी पहुंचे। उन्होंने सोनम कपूर की फोटो शेयर करते हुए उन्हें शुभकामना दी है। अनुपम खेर ने लिखा है, 'प्यारी सोनम तुम्हें गोदभराई की शुभकामनाएं। खूब प्यार और आशीर्वाद'। सोनम ट्रेडिशनल लुक में बेहद प्यारी लग रही हैं। हैवी ज्वैलरी से उन्होंने अपना लुक कंपलीट किया है। सोनम कपूर की गोदभराई के कार्यक्रम में डेकोरेशन भी खास की गई। फूलों से घर को सजाया गया। सोनम कपूर की कजिन अंशुला कपूर ने गोदभराई फंक्शन की इनसाइड फोटोज शेयर करते हुए उन्हें बधाई दी हैं। इसके अलावा मसाबा गुप्ता भी प्रोग्राम में शामिल हुईं। उन्होंने भी फोटो शेयर की है। गोदभराई की रस्म की इनसाइड फोटोज शेयर करते हुए तमाम सेलेब्स ने सोनम कपूर और आनंद आहूजा को बधाई दी है। आनंद आहूजा और सोनम ने साल 2018 में शादी रचाई थी। अगस्त 2022 में कपल ने पहली संतान के रूप में बेटे का स्वागत किया। बेटे का नाम उन्होंने वायु रखा है। अब यह खूबसूरत जोड़ी अपनी दूसरी संतान का स्वागत करेगी। अभिनेत्री सोनम कपूर ने साल 2007 में फिल्म 'सांवरिया' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।



# बॉलीवुड की वो फिल्म, जिसे बनने में लगे 23 साल रिलीज से पहले हुई 2 लीड एक्टर, डायरेक्टर की मौत

**नई दिल्ली।** कई बार देखा गया है कि फिल्मों को बनने में कई साल लग जाते हैं। कई बार डायरेक्टर और स्टार्स के बीच अनबन की वजह से ऐसा होता है तो कई बार बजट को लेकर, या फिर फीस को लेकर भी समस्याएं आती हैं। इन कारणों के चलते भी फिल्में सालों तक लटकी रहती हैं। इनके चलते कुछ फिल्मों को सिनेमाघरों तक पहुंचने में लंबा समय लग जाता है। आज हम आपको एक ऐसी ही फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे बनने में 23 साल लगे।

***1963 में शुरू हुई थी फिल्म की शूटिंग :*** हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं उसकी शूटिंग 1963 में शुरू हुई थी, लेकिन यह 1986 में रिलीज हुई। आपको जानकर हैरानी होगी कि जब तक ये फिल्म पर्दे पर आई इसके दो कलाकार और एक निर्देशक की मौत हो चुकी थी। इसके बाद निर्देशक की पत्नी ने फिल्म का निर्देशन पूरा किया। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, वह है 'लव एंड गॉड' , जिसे 'कैस और लैला' के नाम से भी जाना जाता है ।

***मेन लीड की हुई मौत :*** फिल्म 'लव एंड गॉड' लैला और मजनू की पौराणिक प्रेम कहानी पर आधारित थी । गुरु दत्त ने कैस की भूमिका निभाई थी, जबकि निम्मी ने लैला का किरदार निभाया था। लेकिन, 1964 में दत्त का अचानक निधन हो गया और कैस के रोल के लिए नए कलाकार को लेना पड़ा। इसके बाद इस रोल के लिए संजीव कुमार को चुना गया। हालांकि, त्रासदी फिर से घटित हो गई। 1970 में फिर से फिल्म की शूटिंग शुरू हुई।



### *15 साल बाद किया रिलीज का फैसला*


*15 साल बाद आसिफ की पत्नी अख्तर आसिफ ने अधूरी फिल्म को रिलीज करने का फैसला किया। उन्होंने निर्माता-निर्देशक-वितरक के.सी. बोकाडिया की मदद ली। फिल्म की बची हुई शूटिंग अलग-अलग तीन स्टूडियो में पूरी की गई और फिल्म को रिलीज किया गया, लेकिन फिल्म रिलीज से पहले 1985 में फिल्म के लीड एक्टर संजीव कुमार की भी मौत हो गई। उनकी मौत के बाद आखिरकार, जैसे-तैसे इस फिल्म को 27 मई 1986 को बड़े पर्दे पर रिलीज किया गया। इन्हीं घटनाओं की वजह से 'लव एंड गॉड' फिल्म को मनहूस कहा जाता है। क्योंकि, इस फिल्म को बनाने के दौरान एक्टर से लेकर डायरेक्टर-प्रोड्यूसर तक की मौत हो गई थी। हालांकि, ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही।*

फरवरी का दूसरा सप्ताह भी होगा धमाकेदार

# वैलेन्टाइन वीक में रिलीज होंगी ये सीरीज और फिल्में

*नई दिल्ली। फरवरी का महीना है। वैलेन्टाइन वीक चल रहा है। मोहब्बत वाले इस महीने में अगर आप घर बैठे कोई बढ़िया सी मूवी या सीरीज देखना चाहते हैं तो ओटीटी पर आपके लिए दिलचस्प विकल्प हैं। इस सप्ताह ओटीटी के पिटारे में कई बढ़िया फिल्में और सीरीज हैं।*







### अमर विश्वास

छोटे पर्दे से लेकर फिल्मों तक अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाले राजीव खंडेलवाल अपनी नई सीरीज को लेकर सुर्खियों में हैं। वे कोर्टरूम ड्रामा सीरीज 'अमर विश्वास' में नजर आएंगे। इसमें वे वकील की भूमिका अदा करने वाले हैं। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर 11 फरवरी से स्ट्रीम होगी। इसमें आमिर अली, बरखा बिष्ट और रवि बहल जैसे सितारे भी नजर आएंगे।

### कोहरा सीजन 2

वेब सीरीज 'कोहरा' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इसका दूसरा सीजन फरवरी से स्ट्रीम होगा। बरुण सोबती और मोना सिंह अभिनीत यह सीरीज 11 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। मोना सिंह इस सीरीज में एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आएंगी।

### माना शंकरा वर प्रसाद गारू

चिरंजीवी, वेंकटेश और नयनतारा अभिनीत यह फिल्म भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। इस तेलुगु एक्शन कॉमेडी फिल्म का निर्देशन अनिल रविपुड़ी ने किया है। थिएटर्स में यह फिल्म 12 जनवरी 2026 को रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म 11 फरवरी से जी5 पर स्ट्रीम होगी।

### थलाइवर थंबी थलाइमायिल

इस वीक ओटीटी पर साउथ फिल्मों का बोलबाला है। तमिल फिल्म 'थलाइवर थंबी थलाइमायिल' इस वीक की लिस्ट में शामिल है। नितीश सहदेव द्वारा निर्देशित यह पॉलिटिकल सटायर फिल्म 11 जनवरी को सिनेमाघरो में रिलीज हुई थी। फिल्म में जीवा, थम्बी रमैया और इलावरसु जैसे सितारे हैं। यह 12 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

### भानुप्रिया भूतर होटल

यह एक बंगाली हॉरर कॉमेडी फिल्म है। यह फिल्म उत्तरी बंगाल की पहाड़ियों में स्थित एक आलीशान होटल पर आधारित है। इसमें मिमी चक्रवर्ती, सोहम मजूमदार, बोनी सेनगुप्ता और स्वास्तिका दत्ता जैसे कलाकार हैं। इसका निर्देशन अरित्र मुखर्जी ने किया है। यह फिल्म 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसे 13 फरवरी से जी5 पर देखा जा सकता है।

### द कॉन्ज्यूरिंग: लास्ट राइट्स

यह अमेरिकी सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म बीते वर्ष सितंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर दस्तक देगी। इसका निर्देशन माइकल चेव्स ने किया है। इस फिल्म में वेरा फार्मिगा, पैट्रिक विल्सन, मिया टॉमलिंसन और बेन हार्डी जैसे सितारे हैं। ओटीटी पर यह फिल्म 13 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

## खबर संक्षेप

### वित्त मंत्री ने कराया जीएसटी से अवगत

**रायगढ़।** रायपुर में आयोजित 2026 कार्यक्रम में वित्त मंत्री ओपी चौधरी शामिल हुए। इस दौरान सेमिनार में ओपी चौधरी ने देश के आर्थिक सुधारों और जीएसटी व्यवस्था के महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। इस अवसर पर न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा , झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एवं गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष डॉ. जस्टिस (से. नि.) संजय कुमार मिश्रा सहित अन्य गणमान्य जनों की मौजूदगी रही।

### 12-13 फरवरी को संभाग स्तरीय रोजगार मेला

**सारंगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशानुसार प्रदेश के युवाओं को निजी क्षेत्र में अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 एवं 13 फरवरी 2026 को शासकीय मॉडल आईटीआई कोनी बिलासपुर में संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इसमें अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता रहेगी। कंपनियों एवं वैकेंसी की विस्तृत जानकारी रोजगार विभाग के पोर्टल ईरोजगार सीजी डॉट जीओवी डॉट इनद्ध एवं सीजी रोजगार पंजीयन ऐप से प्राप्त की जा सकती है।

### सरकारी तालाब जमीन में अवैध निर्माण की तैयारी

**बिलाईगढ़।** जल संसाधन विभाग के स्वामित्व वाले भरे हुए सरकारी तालाब की भूमि पर व्यावसायिक दुकानों के निर्माण की तैयारी की जा रही है। बिना वैधानिक स्वीकृति के इसका निर्माण करने का आरोप लगाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस भूमि पर निर्माण प्रस्तावित है, वह वर्तमान में जल से परिपूर्ण तालाब है। उक्त भूमि पर कथित रूप से व्यावसायिक निर्माण के लिए एनओसी जारी करने की बात सामने आ रही है। सूत्रों के मुताबिक इस परियोजना में 58 दुकानों का ले आउट तैयार किया गया है। दुकानों की अनुमानित कीमत 15 से 17 लाख रुपये प्रति दुकान तय की गई है। आरोप है कि इस संबंध में न तो कोई आमसभा आयोजित की गई, न ही कोई सार्वजनिक सूचना या निविदा प्रक्रिया अपनाई गई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 225 मरीजों का ...

शिविर का आयोजन 8 फरवरी रविवार को किया गया। शिविर शासकीय प्राथमिक शाला ढारेन के प्रांगण में प्रातः 10.30 बजे ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान रामजी एवं वर्तमान अध्यक्ष पूज्यपाद गुरूपद संभव रामजी के चित्रों पर विधिवत पूजन-आरती पश्चात नारियल फोड़कर कर किया गया जो सांय 4.30 बजे तक अनवरत चलता रहा। इस शिविर में रोगियों का नेत्र परीक्षण कर 174 मरीजों का तत्काल पावर वाले चश्में एवं दवाइयां प्रदान की गयी। मरीजों का नेत्र परीक्षण टीपी कुशवाहा, श्सुनील एक्का जशपुर एवं एलपी मांझी गुमला उपस्थित थे। शिविर में पाए गए मोतियाबिन्द के मरीजों को जशपुर जाकर आपरेशन करवाने की सलाह दी गई। निःशुल्क वस्त्र एवं कंबल वितरण, इनकी उपस्थिति में बाबा भगवान राम ट्रस्ट की ओर से आयोजित शिविर में जरूरतमंदां ग्रामीणों को निःशुल्क कंबल एवं साड़िया भी बांटे गए। शिविर को सफल बनाने में सत्येन्द्र सिंह, अखिलेश यादव,शंकर यादव,सुशील चौधरी, संतोष कुमार मिश्र, के साथ श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा गुमला के अजय प्रसाद, अजय सिन्हा, संजय महापात्र, आश्रम कुमार, बबलूजी, मोहन, मुन्ना, मुकेश दास,महेन्द्र गोप, सुरेन्द्र सिंह, उदय गुप्ता का विशेष सहायोग रहा। शिविर की व्यवस्था हेतु कमल दूबे, प्रवीण सिन्हा, सत्यम सिंह नायक, सुनील व अन्य स्टाफगण का विशेष सहयोग रहा।

### एनएसएस विशेष शिविर...

सकारात्मक सोच, संयम एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दीपक कुमार ने मानसिक स्वास्थ्य एवं नशामुक्ति विषय पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के लक्षणों, मेंटल हेल्थ को सुदृढ़ करने के उपाय, अवसाद से दूर रहने के तरीके तथा मानसिक समस्याओं के समाधान पर उपयोगी जानकारी प्रदान की। साथ ही नशामुक्त जीवन अपनाने के व्यावहारिक उपायों पर भी चर्चा की। सांध्यकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी करमा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। इसके अतिरिक्त नशा मुक्ति एवं छुआछूत निवारण के सामाजिक संदेशों पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर समाज में जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया गया। शिविर की गतिविधियों को सफल बनाने में शिविर नायक, नायिका,एवं स्वयंसेवक ईश्वर राम, भानु यादव, गौतम यादव, चांदनी नायक, चांदनी बड़ाइक, कविता नायक एवं वर्षा कुजूर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिविर का संचालन महाविद्यालय के डॉ. अमरेंद्र के मार्गदर्शन में तथा कार्यक्रम अधिकारी गौतम कुमार सूर्यवंशी, अंजिता कुजूर एवं प्रिंसी कुजूर के नेतृत्व में सफलतापूर्वक एवं उत्साह के साथ किया जा रहा है।

### हर सैकड़ों ट्रकों के माध्यम से डाला जा रहा है कचरा

# छपोरा जल स्रोत पत्थर खदान में फ्लाईऐश औद्योगिक कचरा डंप, सेहत से खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

■ मुख्य मार्ग से महज 100 मीटर की दूरी पर है स्थित

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ब्लॉक मुख्यालय बिलाईगढ़ अंतर्गत दुमहानी और बिलाईगढ़ मुख्य मार्ग से महज 100 मीटर की दूरी में छपोरा के पत्थर खदानों में प्रतिदिन सैकड़ों ट्रकों के माध्यम से डाला जा रहा है। फ्लाईऐश औद्योगिक कचरा डंपिंग जिससे फैल रहा औद्योगिक ज़हर अब केवल पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि प्रशासनिक चूक और निगरानी तंत्र की विफलता का गंभीर उदाहरण बनता जा रहा है। रायगढ़ जिले के औद्योगिक संयंत्रों से निकलने वाला फ्लाईऐश एवं औद्योगिक कचरा खुलेआम जल स्रोत युक्त पत्थर खदानों में डंप किया जा रहा है, लेकिन अब तक किसी भी जिम्मेदार विभाग ने कार्रवाई नहीं की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिदिन 300 से अधिक भारी मालवाहक वाहन रायगढ़ से सारंगढ़, सरसीवां, भटगांव होते हुए बिलाईगढ़ क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं। ये वाहन पूरे रास्ते सड़कों पर फ्लाईएश गिराते हुए चलते हैं, जिससे सड़कें सफेद परत में तब्दील हो चुकी हैं। जिन पत्थर खदानों में फ्लाईऐश और औद्योगिक डस्ट डंप किया जा रहा है, वहाँ प्राकृतिक जल स्रोत व जल संचयन की स्थिति मौजूद है। यह कृत्य पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 एवं जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1974 का सीधा उल्लंघन है। इसके बावजूद न तो खदानों को सील किया गया न वाहनों को रोका गया और न ही किसी अधिकारी की जवाबदेही तय हुई।





खनन एरिया और उसमें डंप कचरा।

**साक्ष्य के साथ शिकायत**

भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ के प्रदेश सचिव मनीष चेलक द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलाईगढ़ को लिखित शिकायत एवं वीडियो साक्ष्य उपलब्ध होने की जानकारी दी जा चुकी है। इसके बाद भी अब तक कोई कार्रवाई सामने नहीं आई। फ्लाईएश का महीन पाउडर हवा में घुलकर दोपहिया वाहन चालकों, राहगीरों और स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य पर सीधा असर डाल रहा है। आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत और त्वचा रोग जैसी समस्याएं आम होती जा रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन की चुप्पी धीरे धीरे जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ में बदल रही है।



## आयोग के अध्यक्ष ने बच्चों के भिक्षावृत्ति पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ वंशिका शर्मा का एक दिवसीय दौरा के दौरान कहा कि सपेरा बस्ती भीखमपुरा के बच्चों के द्वारा सरिया एवं आसपास में भिक्षावृति की सूचना उन्हें मिली है। इस पर उन्होंने गहन चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसके लिए भी उचित कार्रवाई की जाएगी। बच्चों के सुरक्षा, शिक्षा एवं उनके अधिकार के पालन के लिए प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर को पत्र जारी कर उचित ग्रंवाई के लिए निर्देशित किया गया है। आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ में बाल अधिकार संरक्षण के लिए बृहद रूप में कार्य किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ वंशिका शर्मा शनिवार की शाम सरिया में आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंची। इस दौरान उन्होंने बाल अधिकार संरक्षण पर मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि सरिया में मेरा पहला आगमन है और यहां के अभूतपूर्व स्वागत से मुझे सम्मान मिला। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बाल अधिकार संरक्षण आयोग जिम्मेदारी के साथ काम करने के लिए कटिबद्ध है। कई जगह सुनने में आ रहा है कि स्कूल के खेल मैदान में अतिक्रमण की चपेट में है। साथ ही साथ बच्चे भिक्षावृति कर रहे हैं। शिक्षाविद एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सामाजिक सरोकार के कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ वंशिका शर्मा ने चर्चा में आगे कहा कि ख्रू सरिया में आना पहली बार हुआ है। लेकिन जो अपार स्नेह और दुलार मिला है। वह यहां की धारा पर ही जिस गुरुत्व का जिस स्नेह के साथ अनुभव हुआ है। अद्भुत व अविस्मरणीय है।एक बेटी के लिए किसी भी धरा पे जो कदम रखती है। जो मायके का प्यार दुलार होता है। जो मेरा मायके क्षेत्र है। तो वह उसके लिए हमेशा का धरोहर होता है जब जब व चुनौती का सामना करती है। ना तो यही धरोहर उसके लिए ताकत बन के उठेगी। यही ताकत आज मैं चाहती हूं की राजधानी से कोई कितनी भी दूर क्षेत्र हो कोई बच्चा असमानता का अनुभव ना करे यदि राजधानी में कोई बच्चा जितनी मानसिक जितनी शारीरिक और जितनी अवस्थाओं से संपन्न है उतनी ही संपन्नता हमारे प्रदेश के सुदूर वनांचलो में भी हो। स्कूलों के खेल ग्राउंड के बारे में कहा कि बच्चों के खेल के लिए सम्पूर्ण ब्यवस्था होने चाहिए। इसके लिए प्रदेश सभी कलेक्टरों को पत्र भेजा गया है। सरिया आगमन पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अरूण शराप, वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र सोनी, नवधा रामायण समिति के अध्यक्ष शिव बैरागी, व गणमान्य नागरिकों ने स्वागत किया।

## टमटोरा वन अपराधों पर नियंत्रण कार्यशाला का आयोजन

**सारंगढ़।** सोमवार को जिला मुख्यालय के टमटोरा रेस्ट हाउस में गोमर्डा अभ्यारण्य अंतर्गत वन अपराधों पर नियंत्रण एवं अपराध अन्वेषण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक डॉ राजेंद्र प्रसाद मिश्रा वन्य प्राणी विशेषज्ञ एवं राज्य वन्य जीव बोर्ड के सदस्य द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 पर विस्तृत प्रशिक्षण सुरक्षा हेतु एंटीसनेयर वॉक पर मार्गदर्शन दिया गया एवं फील्ड में एंटी स्नेयर वॉक भी कराया गया उक्त कार्यक्रम में एसडीओ अंकित पांडेय रेंजर विदेशी सिदार हीरालाल सरजाल एवं वन विभाग की पूरी टीम उपस्थित थे।



### वित्त मंत्री ने किया राष्ट्रपति का अभिनंदन



**रायगढ़।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के मुख्य आतिथ्य में आयोजित बस्तर पंडुम के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत दिल्ली वापसी के दौरान रायपुर विमानतल पर हार्दिक अभिनंदन करते वित्त मंत्री ओपी चौधरी।

## कुड़ेकेला धान मंडी में हाथी का आतंक 30 हजार क्विंटल धान पर संकट

**रायगढ़।** जिले के कुड़केला स्थित धान मंडी में बीती रात उस समय हड़कंप मच गया, जब अचानक एक जंगली हाथी मंडी परिसर में घुस आया। हाथी ने मंडी में जमकर उत्पात मचाते हुए धान से भरी बोरियों को बेरहमी से इधर उधर पटक दिया, जिससे हजारों क्विंटल धान को नुकसान पहुंचने की आशंका गहरा गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाथी के अचानक प्रवेश से मंडी परिसर में अफरा तफरी का माहौल बन गया। मंडी में कार्यरत कर्मचारियों ने किसी तरह अपनी जान बचाकर भागने में ही भलाई समझी।

कर्मचारियों का कहना है कि श्रात के अंधेरे में अचानक हाथी मंडी के भीतर आ गयाए जान बचाना ही सबसे बड़ी चुनौती बन गई। बताया जा रहा है कि वर्तमान में मंडी परिसर में लगभग 30 हजार क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है, जिस पर अब दोहरा खतरा मंडरा रहा है। एक ओर जंगली हाथियों का आतंक तो दूसरी ओर समय पर उठाव न होने की स्थिति में भारी आर्थिक नुकसान की आशंका। हाथी के उत्पात के बाद मंडी प्रबंधन और स्थानीय किसानों में दहशत का माहौल व्याप्त है। हाथी द्वारा बिखराए धान से भरी बोरियां अस्त व्यस्त पड़ी हुई हैं जिससे किसानों की मेहनत पर संकट के बादल छा गए हैं।

घटना के बाद वन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए अलर्ट जारी कर दिया है और रात के समय मंडी की ओर जाने पर रोक लगा दी गई है। बावजूद इसके सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि इतनी बड़ी मात्रा में खुले में रखे 30 हजार क्विंटल धान की सुरक्षा आखिर कैसे सुनिश्चित की जाएगी। गौरतलब है कि कुड़केला धान मंडी पहले से ही विभिन्न विवादों को लेकर सुर्खियों में रही है। हाल ही में समाचार माध्यमों के जरिए मंडी से जुड़े अव्यवस्थाओं और विवादों की जानकारी सामने आई थी, और अब हाथी के आतंक ने मंडी प्रबंधन की चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। यदि शीघ्र ही धान का उठाव एवं समुचित सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई, तो किसानों को भारी आर्थिक क्षति झेलनी पड़ सकती है।



### सेजेस के दो स्कूलों में 62 छात्रों की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम

**सारंगढ़।** हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल के बोर्ड परीक्षा में नियमित अपात्र एवं 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों की सूची कार्यालय छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा रायपुर ने राज्य के सभी प्राचार्य से मांगी और सभी प्राचार्य ने जानकारी दी, लेकिन यदि कोई किसी के प्रति कोई पूर्व धारणा बना ले तो उसकी सच्चाई भी दिखाई नहीं देती, इस अर्थ को ताजा वाकया ने जीवंत कर दिया है। सेजेस हायर सेकेंडरी स्कूल सारंगढ़ स्कूल कोड 381033 के प्राचार्य एल पी पटेल के विरुद्ध शिकायत की गई है। हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल के बोर्ड परीक्षा में नियमित अपात्र एवं 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों की सूची संभागीय कार्यालय छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल बिलासपुर से प्राप्त हुई है, जिसमें बड़ी संख्या में सेजेस सरसीवा के लगभग 40 विद्यार्थी, सेजेस हायर सेकेंडरी स्कूल सारंगढ़ के लगभग 22 विद्यार्थी, हरदी हाईस्कूल में 6 विद्यार्थी सहित अन्य 3 स्कूल के 2.2 छात्र शामिल है।

## सांसद और विधायक के आतिथ्य में प्रांतीय क्षत्रिय राठौर समाज का शपथ ग्रहण

**खरसिया।** प्रांतीय क्षत्रिय राठौर समाज का शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रायगढ़ और शक्ति जिला के राठौर समाज के पदाधिकारयों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम रायगढ़ लोक सभा सांसद राधेश्याम राठिया एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल के मुख्य आतिथ्य व विशिष्ट अतिथि रामकुमार यादव चंद्रपुर विधायक, कमल गर्ग अध्यक्ष नगरपालिका खरसिया एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता सनत राठौर गुरुजी जांजगीर के उपस्थिति में संपन्न हुआ।

अपने उद्बोधन में चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने अपने विधानसभा के सपिया गाँव मे राठौर समाज के भवन के लिये 12 लाख रुपये की घोषणा किये हैं' राठौर समाज के द्वारा रामकुमार जी का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया गया। विदित हो कि आज 07 फरवरी को स्थानीय रिया पैलेस खरसिया में प्रांतीय राठौर समाज के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। जहां राठौर समाज के लोगों द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत ढोल तासो व फटाके फोड़ पुष्प वर्षाकर किया गया। इसके पश्चात दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रगान और राज्य गीत गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात राठौर समाज के लोगो द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। शपथ ग्रहण अधिकारी द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मुख्यवक्ताओं द्वारा सभी पदाधिकारियों को बधाई देकर उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहाँ आप सभी वीर दुर्गादास की तरह निडरता और बहादुरी के साथ अपने समाज सहित देश की मजबूती के लिए कार्य करेंगे। उक्त पूरे कार्यक्रम में युवा टीम व महिला टीम के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में बड़ी भूमिका रही हैं। आज के पूरे कार्यक्रम में युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्की राठौर व उनके टीम के कारण पहली बार खरसिया में इतना भव्य आयोजन हुआ जिसका चर्चा पूरे खरसिया शहर में हैं। इस दौरान पवन राठौर प्रदेश अध्यक्ष क्षत्रिय राठौर सभा, प्रदेश संरक्षक केदार राठौर, विनोद चंद्र राठौर, राजेंद्र राठौर पालू, परीक्षित राठौर, विक्की सिंह राठौर, युवा प्रदेश अध्यक्ष, राजेन्द्र लालू राठौर प्रदेश उपाध्यक्ष, टंकेशवर राठौर प्रदेश मीडिया प्रभारी, छोटेलाल राठौर, नरेंद्र राठौर, ओमकार राठौर, राजेंद्र राठौर, श्रीमती अमिता विनोद राठौर, ताराचंद्र राठौर सहित बड़ी संख्या में राठौर समाज के लोग मौजूद रहे।



## महुआ बना आजीविका का मॉडल सुपर फूड के रूप में बनाई पहचान



**जशपुरनगर।** जशपुर से सुकमा तक महुआ आधारित आजीविका मॉडल का व्यावहारिक आदान-प्रदान जशपुर जिले में महुआ को लेकर पारंपरिक सोच में धीरे-धीरे एक ठोस बदलाव देखने को मिल रहा है। जो महुआ कभी केवल स्थानीय मदिरा से जोड़कर देखा जाता था, वही आज सुरक्षित खाद्य उपयोग, पोषण और मूल्य संवर्धन के माध्यम से एक नए सुपरफूड के रूप में पहचाना जाने लगा है।

जशपुर स्थित महुआ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इस बदलाव का केंद्र बनकर उभर रहा है, जहाँ महुआ को भोजन के रूप में स्थापित करने की वह सोच ज़मीनी स्तर पर आकार ले रही है, जिसकी परिकल्पना माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी द्वारा की गई है। इसी क्रम में सुकमा जिले के कोंटा ब्लॉक अंतर्गत मुंडापल्ली ग्राम से 7 एवं तोंगपाल से 2 आदिवासी महिला सदस्यों का एक दल जशपुर पहुंचा। यह दल फेलो अर्कजा कुथियाला के नेतृत्व में महुआ के फूड-ग्रेड संग्रहण, धूल-मुक्त सुखाने एवं प्रसंस्करण की व्यावहारिक प्रक्रियाओं को समझने हेतु एक्सपोज़र एवं फील्ड प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महुआ को केवल वनोपज के रूप में नहीं, बल्कि भोजन योग्य कच्चे माल के रूप में समझना था। फील्ड स्तर पर नेट-आधारित महुआ संग्रहण, ज़मीन से संपर्क से होने वाले जोखिम, स्वच्छ एवं नियंत्रित सुखाने की प्रक्रिया तथा प्रारंभिक हैंडलिंग के महत्व पर विशेष रूप से चर्चा एवं प्रदर्शन किया गया। महुआ के प्रसंस्करण से जुड़े सत्र महुआ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित किए गए, जहां गुणवत्ता मानकों, निरंतरता और खाद्य सुरक्षा से जुड़े पहलुओं को व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया। संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन समर्थ जैन द्वारा किया गया, जबकि अनिश्वरी भगत ने फील्ड-लेवल समन्वय में सहयोग प्रदान किया। इसके अतिरिक्त, प्रतिभागियों ने DST समर्थित परियोजना के अंतर्गत स्थापित सोलर टनल ड्रायर का भी अवलोकन किया, जहां फल एवं सब्ज़ियों के नियंत्रित निर्जलीकरण की वैज्ञानिक प्रक्रिया को समझाया गया। इससे प्रतिभागियों को महुआ के साथ-साथ अन्य कृषि एवं वनोपज आधारित आजीविका विकल्पों पर भी व्यापक दृष्टिकोण मिला।

### सार्वजनिक शौचालय का हाल-बेहाल




**जशपुरनगर।** शहर में बने सार्वजनिक शौचालय का इस समय बुरा हाल देखा जा रहा है। ज्यादातर शौचालय चौराहे पर बने हैं, उनमें साफ-सफाई का अभाव है और कुछ शौचालययों में ताले जड़े हैं। उन्हें हर दिन रूटीन में जाकर खोलना साफ सफाई पानी की व्यवस्था जैसी व्यवस्थाएं नहीं हो पाती है। जिसके चलते शहर वासी एवं आमजन को परेशानी हो रही है। हालांकि इनमें से कुछ शौचालय विधिवत तरीके से नियमित खुलता है मगर यहां हम बात कर रहे हैं पुरानी टोली मार्ग के समीप पशु चिकित्सालय के बगल में और कलेक्ट्रेट के सामने परिसर के पीछे साथी महिला थाना के बगल में बने सार्वजनिक शौचालय एवं अन्य की राहगीरों और आसपास के लोगों से पूछे जाने पर उक्त जानकारी प्राप्त हुई है। लोगों ने बताया साफ सफाई की व्यवस्था और खुलने की व्यवस्था हमेशा बाधित रहती है।

